NHS
Test and Trace

**यह जांच शुरू करने से पहले यह सम्पूर्ण गाइड ध्यानपूर्वक पढ़ें।**
**हो सकता है यह जांच आपके द्वारा पहले प्रयुक्त जांच से भिन्न हो।**

# Orient Gene रैपिड Covid-19 (एंटीजन) खुद-जांच के लिए आपकी चरण-दर-चरण गाइड



उपयोग के लिए ये निर्देश केवल Orient Gene रैपिड Covid-19 (एंटीजन) खुद-जांच (GCCOV-502a-H7OGE) से संबन्धित हैं।

इस गाइड में यह वर्णन किया गया है कि आप COVID-19 संबंधी अपनी एवं किसी दूसरे व्यक्ति की जांच कैसे करें, तथा NHS को उसके परिणाम कैसे सूचित करें।

**वैकल्पिक भाषायी** संस्करण, वेल्श समेत, तथा वीडियो निरूपण **gov.uk/covid19-self-test-help** पर उपलब्ध हैं

**अपने सभी जांच परिणामों के बारे में NHS को सूचित करें**

# आपको क्या करना चाहिए

## आपकी चरण-दर-चरण गाइड

अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा उन चरणों का सही क्रम में पालन करें। प्रत्येक जांच की स्थापना में लगभग 15 मिनट लगते हैं तथा अगले 15 मिनट के बाद परिणाम तैयार हो जाएंगे।

15 मिनट सेट अप

### इस पुस्तिका की सामग्री


| अनुभाग | शीर्षक | पृष्ठ |
|---|---|---|
| **1** | अपने जांच क्षेत्र को तैयार करें | 6 |
| | अपनी जांच किट सामग्री को जांचें | 7 |
| **2** | अपनी जांच स्थापित करें | 8 |
| **3** | अपना स्वैब नमूना लें | 10 |
| | किसी दूसरे की जांच करना | 11 |
| **4** | स्वैब के नमूने को संसाधित करें | 12 |
| **5** | अपने परिणाम को पढ़ें | 14 |
| **6** | अपना परिणाम सूचित करें | 15 |
| **7** | आपके परिणामों का क्या अर्थ है | 16 |
| **8** | जांच निष्पादन | 17 |
| **9** | अपनी जांच किट को सुरक्षित ढंग से निपटाएं | 17 |
| | अपने जांच परिणामों को नोट करें | 18 |


## COVID-19 वाले हरेक 3 लोगों में से लगभग 1 व्यक्ति को यह नहीं पता कि उसे COVID-19 है।

नियमित खुद-जांच करके हम इसके प्रसार को धीमा कर सकते हैं तथा अपने परिवारों एवं समुदायों में सबसे कमज़ोर लोगों की रक्षा करने में सहायता कर सकते हैं।



## जांच करने संबंधी सलाह

आपकी सहायता के लिए मार्गदर्शन के साथ-साथ अत्यधिक उपयोगी सलाह, परामर्श तथा चेतावनी बॉक्स उपलब्ध किए गए हैं। इन अनुदेशों का सावधानीपूर्वक चरण-दर-चरण पालन करने से, आपके पास कोई विश्वसनीय परिणाम पाने की बेहतर संभावना रहेगी।

### सामान्य मार्गदर्शन तथा चेतावनियां

- यदि आपको स्वैब करते समय नाक से खून बहने का आभास हो, तो कृपया स्वैब करना बंद कर दें। स्वैब की जांच नहीं की जा सकती है।
- इस उत्पाद को प्राकृतिक रबर लेटेक्स से नहीं बनाया गया है, फिर भी अंतिम प्रयोक्ता को यथा वितरित इस उत्पाद में प्राकृतिक रबर लेटेक्स की मौजूदगी अथवा उसके अंश को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता।
- इस जांच किट को बच्चों से दूर रखें।
- निष्कर्षण ट्यूब होल्डर को छोड़कर किट के दूसरे सभी घटक एकल प्रयोग आइटम हैं। निष्कर्षण ट्यूब होल्डर के अलावा, स्वैब अथवा निष्कर्षण ट्यूब जैसे किट के किसी भी प्रयुक्त घटक का **पुनः प्रयोग न करें**।
- अलग-अलग किट बॉक्स में से घटकों को **न मिलाएं**। सिर्फ इस किट में उपलब्ध कराए गए किट घटकों का प्रयोग करें।
- यदि जांच कैसेट किसी घरेलू सफाई उत्पाद (विशेषकर ब्लीच) के संपर्क में आई हो तो इसका **प्रयोग न करें** क्योंकि इससे गलत परिणाम आ सकते हैं।
- सूरज की सीधी रोशनी में यह जांच **न** करें क्योंकि इससे गलत परिणाम आ सकते हैं।
- ये किट केवल इंसानों में प्रयोग के लिए डिजाइन की गई हैं।
- निष्कर्षण ट्यूब होल्डर को **न** फेंके, सभी परीक्षणों के लिए इसका पुनः प्रयोग किया जाता है।

**सलाह**

- इस जांच किट का भंडारण सामान्य कमरे के तापमान अथवा शीत खुश्क स्थान (2°C से 30°C) पर करें।
- इसे सूरज की सीधी रोशनी में तथा किसी फ्रीजर में न रखें।
- इस किट का प्रयोग कमरे के तापमान (15°C से 30°C) पर किया जाना चाहिए। यदि इस किट का भंडारण किसी 15°C से कम क्षेत्र में किया गया हो, तो इसे प्रयोग करने से पहले 30 मिनट तक कमरे के सामान्य तापमान पर रख दें।

# इस जांच के बारे में

## आपको खुद-जांच क्यों करनी चाहिए

यह रैपिड COVID-19 (एंटीजन) खुद-जांच किट नासिका के स्वैब की वह जांच है जिससे यह पता चलता है कि कहीं आप संक्रमित तो नहीं हैं। यह उन लोगों के लिए है जिन्हें लक्षण हैं और साथ ही बिना लक्षण वाले लोगों के लिए भी। हालाँकि इस बात की जांच करने के लिए कि आपके लिए किस प्रकार की जांच सही रहेगी, आपको राष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

### यदि आपकी COVID-19 जांच पॉज़िटिव आती है तो आपको यह करना चाहिए:

- इस बीमारी के प्रसार को सीमित करने में सहायता करें, आपको और आपके परिवार को वर्तमान सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए: **nhs.uk/conditions/coronavirus-covid-19/self-isolation-and-treatment/**
- अपने लक्षणों के शुरू होने, या यदि कोई लक्षण मौजूद नहीं है तो जिस दिन से किसी जांच के पॉज़िटिव परिणाम दिखाए जाते हैं, से पहले पिछले 48 घंटों में जिन लोगों के आप निकट संपर्क में रहे हैं और जिन स्थानों पर आप गए हैं तो संभावित COVID-19 संक्रमण के लिए जांच करवाने हेतु उनके बारे में बताएं। हमेशा स्थानीय और राष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करें।

### यदि आपकी COVID-19 जांच नेगेटिव आती है तो

इस बात की संभावना है कि आप उस समय संक्रमित नहीं थे जब जांच की गई थी। फिर भी, जांच का नेगेटिव परिणाम इस बात कि गारंटी नहीं है कि आपको कोरोनावायरस नहीं है। आपको सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते रहना चाहिए।

**सलाह**

यदि आप या आपके बच्चे/बच्चों में कोरोनावायरस (COVID-19) के लक्षण हैं अथवा कोरोनावायरस (COVID-19) हो गया है, तो कृपया NHS मार्गदर्शनों को ऑनलाइन देखें: **nhs.uk/conditions/coronavirus-COVID-19**


यदि आप या आपके बच्चे/बच्चों में कोरोनावायरस (COVID-19) के लक्षण हैं तथा हालत बदतर हो जाती है, अथवा आप/आपका बच्चा/बच्चे सात दिनों के बाद बेहतर नहीं होते, तो NHS **111** ऑनलाइन सेवा पर जाएं: **111.nhs.uk**। यदि आपके पास इंटरनेट नहीं है, तो NHS **111** पर कॉल करें। चिकित्सकीय आपात स्थिति के लिए **999** डायल करें।

**यदि आप चिंतित हैं तो सहायता लेने में देरी न करें। अपने सहज-बोध पर यकीन करें।**

यह पुस्तिका केवल Orient Gene रैपिड Covid-19 (एंटीजन) खुद-जांच को संदर्भित करती है: GCCOV-502a-H7OGE



## यह जांच किसके लिए उचित है




### 18+ आयु के वयस्क

खुद-जांच करें तथा सूचित करें, यदि आवश्यकता पड़े तो सहायता लें।



### 12-17 वर्ष की आयु के किशोर

किसी वयस्क के निरीक्षण में खुद-जांच करें तथा सूचित करें। यदि आवश्यक हो तो कोई वयस्क व्यक्ति जांच कर सकता है।



### 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे

12 वर्ष से कम आयु के बच्चों की जांच किसी वयस्क द्वारा की जानी चाहिए। यदि आप किसी बच्चे की जांच करने में आश्वस्त महसूस नहीं करते तो जांच न करें। यदि बच्चे को दर्द महसूस हो तो जांच जारी न रखें।

- दृष्टि दोष वाले लोग अभी भी हमारे परीक्षण किट का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन उन्हें सहायता की आवश्यकता हो सकती है।
- यह जांच उन लोगों के लिए उपयुक्त नहीं है जिनके नाक से खून बहने का खतरा हो, या वे लोग जिनके चेहरे या सिर की पिछले 6 महीनों में सर्जरी हुई है।

### कितनी बार जांच करें

आप कितनी बार जांच करें यह आपकी परिस्थितियों एवं मौजूदा राष्ट्रीय अथवा स्थानीय दिशानिर्देशों के आधार पर भिन्न हो सकता है।

### अतिरिक्त सहायता कहां से लें


खुद-जांच संबंधी अधिक जानकारी: **gov.uk/covid19-self-test-help** पर देखें

यह पुस्तिका केवल Orient Gene रैपिड Covid-19 (एंटीजन) खुद-जांच को संदर्भित करती है: GCCOV-502a-H7OGE

# 1. अपने जांच क्षेत्र को तैयार करें

**आपको निम्नलिखित की आवश्यकता होगी:**

- कोई घड़ी अथवा दीवार/टेबल घड़ी जैसा कोई टाइमर
- टिश्यू
- एक दर्पण
- सरफेस क्लीनर
- हैंड सैनिटाइज़र अथवा साबुन तथा गुनगुने पानी तक पहुंच



**1** इस अनुदेश गाइड को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यदि आपको और मदद की आवश्यकता पड़े तो आप ऑनलाइन स्वैब जांच संबंधी वीडियो भी देख सकते हैं: **gov.uk/guidance/covid-19-self-test-help**



**2** जांच शुरू करने से तुरंत पहले, जांच किट रखने के लिए किसी समतल सतह को साफ करें, पोंछें तथा उसे सूखा लें। यह जांच को दूषित होने से बचाने के लिए है।






**3** 20 सेकेंड तक साबुन तथा गुनगुने पानी, अथवा हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करते हुए अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं।
यदि आप एक से अधिक व्यक्तियों की जांच कर रहे हैं या कोई शून्य जांच दोहरा रहे हैं, तो प्रत्येक जांच के बीच सतह को साफ करें तथा अपने हाथ पुनः धोएं। यह जांच को दूषित होने से बचाने के लिए है।




# अपनी जांच किट सामग्री को जांचें

**4** आपके जांच बॉक्स में निम्नलिखित होने चाहिए:



सीलबंद आवरण में जीवाणुरहित स्वैब (x7)



सीलबंद पाउच में जांच कैसेट (x7)



ज़िप-लॉक बैग (x7) कचरा बैग के रूप में उपयोग करें



बफर वाली निष्कर्षण ट्यूब (x7)



नोजल कैप (x7)



निष्कर्षण होल्डर (x1 पुनः प्रयोज्य) (फेंकें मत)

**सलाह**

**यदि कोई वस्तु क्षतिग्रस्त, टूटी हुई अथवा अनुपलब्ध हो तो क्या करें**
यदि आपको कोई वस्तु क्षतिग्रस्त, टूटी हुई अथवा अनुपलब्ध दिखाई दे, तो कृपया उस जांच किट का प्रयोग न करें। आप फोन करके उपभोक्ता संपर्क केंद्र को फीडबैक दे सकते हैं। लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।

कॉल: **119** (मोबाईल तथा लैंडलाइन से मुफ्त)।
हम 200 भाषाओं के साथ-साथ ब्रिटिश सांकेतिक भाषा में भी सहायता प्रदान करते हैं।

यदि आपको किसी उपकरण से चोट लगी है तो इसकी सूचना देने से दूसरों की सहायता हो सकती है, कृपया इस पर जाएं: **coronavirus-yellowcard.mhra.gov.uk**

यह पुस्तिका केवल Orient Gene रैपिड Covid-19 (एंटीजन) खुद-जांच को संदर्भित करती है: GCCOV-502a-H7OGE

# 2. अपनी जांच स्थापित करें



**5** ट्यूब को अपने चेहरे से दूर रखते हुए, किसी भी तरल पदार्थ को फैलने से बचाने के लिए निष्कर्षण ट्यूब पर चिपकी हुई सीलिंग फिल्म को आराम से हटाएं।

**चेतावनी**

निष्कर्षण ट्यूब की सील फिल्म को दांतों से न काटें। निष्कर्षण बफर को अपनी त्वचा के संपर्क में आने से बचाएं।

**चेतावनी**

निष्कर्षण बफर में कुछ संरक्षक होते हैं जिनसे कुछ लोगों में एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया हो सकती है। यदि यह घोल त्वचा अथवा आंख के संपर्क में आता है, तो उस अंग को ढेर सारे पानी से धो लें। यदि त्वचा में जलन होती है तो चिकित्सकीय देखभाल का सहारा लें।



**6** बफर वाली निष्कर्षण ट्यूब को निष्कर्षण ट्यूब होल्डर में रखें।




**7** **अपनी नाक को** किसी टिश्यू में धीरे से **साफ करें** तथा इसे अपने सामान्य घरेलू कचरे में फेंक दें। यह इसलिए है ताकि आप अतिरिक्त बलगम से छुटकारा पा सकें। यदि आप किसी बच्चे/आश्रित की जांच कर रहे हैं तो उनकी नाक साफ करने में यथा अपेक्षित सहायता करें।







**8** **अपनी नाक साफ करने के बाद** 20 सेकेंड तक साबुन तथा पानी, अथवा हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करते हुए **अपने हाथों को** अच्छी तरह से **धोएँ**। यह जांच को दूषित होने से बचाने के लिए है। यदि आप किसी बच्चे/आश्रित की नाक साफ करने में सहायता करते हैं, तो **आप दोनों** 20 सेकेंड तक **अपने हाथों को** अच्छी तरह से **धोएं**, अथवा हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करें।




**9** सीलबंद आवरण में जीवाणुरहित स्वैब पाएं। स्वैब की नर्म, कपड़े की नोक को पहचाने।



**10** स्वैब के पैकेज को खोलें तथा स्वैब को धीरे से निकालें।

**चेतावनी**

स्वैब के कपड़े की नोक को कभी भी अपने हाथों से स्पर्श न करें अथवा किसी सतह को न छूएं।


# 3. अपना स्वैब नमूना लें

**चेतावनी**

कृपया सुनिश्चित करें कि नाक के सभी वेध अथवा इसी तरह के आभूषणों को स्वैब करने से पहले हटा दिया गया हो।

**यदि आप 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे अथवा किसी ऐसे व्यक्ति की जांच कर रहे हैं जिसे मदद चाहिए, तो पृष्ठ 11 पर दिए चरणों का पालन करें।**


## खुद अपनी जांच करना




**10** **पहला नथुना**
स्वैब के कपड़े की नोक को केवल एक नथुने के अंदर (लगभग 2.5 से.मी) डालें, यह सुनिश्चित करें कि स्वैब के कपड़े की नोक पहले नथुने के 2.5 से.मी अंदर डाली गई हो।

अपने नथुने के अंदर स्वैब को **धीरे धीरे 5 बार गोल गोल घुमाते** हुए पोंछें। यह सुनिश्चित करें कि स्वैब के कपड़े की नोक तथा नथुने की भीतरी पर्त के बीच अच्छा संपर्क हो।

बल प्रयोग न करें तथा आपको अपने नथुने में बहुत अंदर तक धकेलने की आवश्यकता नहीं है।




**11** **दूसरा नथुना**
उसी स्वैब का प्रयोग करें, स्वैब के कपड़े की नोक को दूसरे नथुने के अंदर (लगभग 2.5 से.मी) डालें, यह सुनिश्चित करें कि स्वैब के कपड़े की नोक दूसरे नथुने के 2.5 से.मी अंदर डाली गई हो।

अपने नथुने के अंदर स्वैब को **धीरे धीरे 5 बार गोल गोल घुमाते** हुए पोंछें। यह सुनिश्चित करें कि स्वैब के कपड़े की नोक तथा नथुने की भीतरी पर्त के बीच अच्छा संपर्क हो।

**चेतावनी**


यदि आपको स्वैब करते समय नाक से खून बहने का आभास हो, तो कृपया स्वैब करना बंद कर दें। इस स्वैब की जांच नहीं की जा सकती। यदि नाक से खून बहना जारी रहता है तो अपने चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी जाती है।



# किसी दूसरे की जांच करना


12 वर्ष से कम आयु के बच्चों की जांच किसी वयस्क द्वारा की जानी चाहिए। किसी बच्चे या सहायता की आवश्यकता वाले व्यक्ति को तैयार करने और उसकी जांच करने के तरीके के बारे में नीचे दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें। आप एक निरूपण वीडियो यहां देख सकते हैं: **gov.uk/guidance/covid-19-self-test-help**

यदि आप किसी बच्चे की जांच कर रहे हैं, तो उन्हें जांच किट दिखाएं तथा उनसे इस बारे में बात करें कि आप क्या करने जा रहे हैं। हो सके तो उन्हें किसी की गोद में बिठाएं अथवा किसी और से उसका हाथ पकड़ने को कहें। बच्चे को किसी टिश्यू में अपनी नाक साफ करने के लिए कहें। टिश्यू को किसी बंद कूड़ेदान में डाल दें।




**10** **पहला नथुना**
स्वैब के कपड़े की नोक को उस बच्चे/व्यक्ति के एक नथुने के अंदर डालें, जिसकी आप जांच कर रहे हैं।

उनके नथुने के अंदर स्वैब को **धीरे धीरे 5 बार गोल गोल घुमाते** हुए पोंछें। बल का प्रयोग न करें तथा आपको नथुने में बहुत अंदर तक धकेलने की आवश्यकता नहीं है, यह सुनिश्चित करें कि स्वैब के कपड़े की नोक तथा पहले नथुने की भीतरी पर्त के बीच अच्छा संपर्क हो।





**11** **दूसरा नथुना**
उसी स्वैब का प्रयोग करें, स्वैब के कपड़े की नोक को उस बच्चे/व्यक्ति के दूसरे नथुने के अंदर डालें, जिसकी आप जांच कर रहे हैं।

उनके नथुने के अंदर स्वैब को **धीरे धीरे 5 बार गोल गोल घुमाते** हुए पोंछें, यह सुनिश्चित करें कि स्वैब के कपड़े की नोक तथा दूसरे नथुने की भीतरी पर्त के बीच अच्छा संपर्क हो।

**चेतावनी**


यदि जिस व्यक्ति का आप स्वैब कर रहे हैं, उसे नाक से खून बहने का आभास हो, तो कृपया स्वैब करना बंद कर दें। इस स्वैब की जांच नहीं की जा सकती। यदि नाक से खून बहना जारी रहता है तो उनके चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी जाती है।

# 4. स्वैब के नमूने को संसाधित करें





**12** स्वैब के कपड़े की नोक को निष्कर्षण ट्यूब द्रव में रखें।

ट्यूब के चारों ओर **कम से कम 6 बार** घुमाते हुए, निष्कर्षण ट्यूब के किनारे के प्रति नोक को ज़ोर से दबाएं।



**13** स्वैब को निष्कर्षण ट्यूब में छोड़ दें, **टाइमर लगाएं** तथा **1 मिनट** के लिए छोड़ दें।




**14** स्वैब को निष्कर्षण ट्यूब से निकालें।



**15** स्वैब को प्लास्टिक के ज़िप-लॉक बैग में रख दें।

**सलाह**

अकेले ज़िप-लॉक बैग का उपयोग कचरा बैग के रूप में किया जा सकता है।



**16** किसी भी रिसाव से बचने के लिए नोजल कैप को निष्कर्षण ट्यूब पर कसकर **दबाएं।**


**निष्कर्षण ट्यूब को वापस निष्कर्षण ट्यूब होल्डर में रख दें।**



**17** सीलबंद पाउच पर **समापन तिथि (EXP) की जांच करें।** जांच कैसेट को सीलबंद पाउच से बाहर निकालें तथा इसे साफ समतल सतह पर रखें।

**चेतावनी**

कोई भी जांच कैसेट जो 30 मिनट से अधिक समय तक सीलबंद पाउच के बाहर रही हो, उसे फेंक देना चाहिए। भीतरी जल शोखक बैग तथा पाउच को सुरक्षित रूप से प्लास्टिक के कचरा बैग/ज़िप-लॉक बैग में फेंक दें।




**18** निष्कर्षण ट्यूब को **धीरे से** दबाएं ताकि तरल पदार्थ की **4 बूंदें** जांच कैसेट पर सैंपल वेल (चिह्नित **S**) में रखी जा सकें।

**सलाह**

यह सुनिश्चित करें कि आप जांच कैसेट को किसी **समतल सतह पर रखें।** जांच के दौरान जांच कैसेट को न हिलाएं। नमूने में बूंदों को धीरे-धीरे मिलाएं। अधिक न भरें।





**19** **टाइमर लगाएं।**
**अपना परिणाम पढ़ने के लिए 15 मिनट इंतज़ार करें।**

# 5. अपने परिणाम को पढ़ें

**महत्त्वपूर्ण**

जांच को विकसित होने के लिए 20 मिनट से अधिक समय न दें क्योंकि इससे परिणाम शून्य हो जाएगा।








## पॉज़िटिव परिणाम

दो लाइनें प्रकट होती हैं। एक रंगीन लाइन नियंत्रण लाइन क्षेत्र (C) में होनी चाहिए, तथा दूसरी रंगीन लाइन जांच लाइन क्षेत्र (T) में होनी चाहिए। दो लाइनें, जिनमें से एक C के आगे तथा दूसरी T के आगे, चाहे लाइनें हल्की भी हों, यह दर्शाती हैं कि जांच पॉज़िटिव आई है।


**महत्त्वपूर्ण**

यदि आपकी जांच पॉज़ितिव आती है तो आपको स्वयं को अलग रखना चाहिए, आपके परिवार को स्वयं को अलग रखने के बारे में सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए: **nhs.uk/conditions/coronavirus-covid-19/self-isolation-and-treatment/**




## नेगेटिव परिणाम

एक रंगीन लाइन नियंत्रण लाइन क्षेत्र (C) में प्रकट होती है। जांच लाइन क्षेत्र (T) में कोई भी लाइन प्रकट नहीं होती।





## शून्य परिणाम

नियंत्रण लाइन (C) प्रकट नहीं होती।



# 6. अपना परिणाम सूचित करें


## आपको अपना पॉज़िटिव, नेगेटिव तथा शून्य परिणाम NHS को सूचित करना चाहिए।




सभी जांच परिणामों को दर्ज़ करने से वैज्ञानिकों को किसी भी नए वायरस के प्रकोप का पता लगाने तथा उसके प्रति की जाने वाली कार्रवाई के बारे में सलाह देने में सहायता मिलती है। यदि लोग केवल पॉज़िटिव परिणाम की रिपोर्ट करते हैं, तो मामलों का स्तर वास्तव में जितना है, उससे अधिक दिखता है।

इसलिए, चाहे आपका परिणाम नेगेटिव अथवा शून्य हो, आप यह सुनिश्चित करेंगे कि NHS जानकारी सटीक रहे।


अपना परिणाम सूचित करने के लिए आपको QR कोड या इसके नीचे ID संख्या की जरूरत होगी।



### ऑनलाइन सूचित करें (सबसे तेज़)

यदि आप इंगलैंड, वेल्स अथवा उत्तरी आयरलैंड में रहते हैं तो यहां देखें:
**gov.uk/report-covid19-result**

यदि आप स्कॉटलैंड में रहते हैं तो यहां देखें:
**covidtest.scot**



### अथवा टेलीफोन से सूचित करें

**119** पर कॉल करें

लाइनें प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली हैं, (मोबाइल एवं लैंडलाइन से मुफ्त)

# 7. आपके परिणामों का क्या अर्थ है

## आपने अपनी जांच केवल तभी पूरी की है जब आपने अपना परिणाम बताया है

### पॉज़िटिव परिणाम

यदि आपका परिणाम पॉज़िटिव आता है, तो संभावना है कि आप वर्तमान में COVID-19 से संक्रमित हैं तथा आपसे दूसरों के संक्रमित होने का खतरा है। आपको स्वयं को अलग रखना चाहिए। जब आप अपना परिणाम सूचित करते हैं, तो आपको आगे क्या करना है संबंधी और जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

**चेतावनी**

आपको और जो कोई भी आपके साथ रहता है उसको वर्तमान राष्ट्रीय और स्थानीय मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए। यह यहां पाया जा सकता है: nhs.uk/conditions/coronavirus-COVID-19/self-isolation-and-treatment/

### नेगेटिव परिणाम

यदि आपका परिणाम नेगेटिव आता है, तो इस बात की संभावना है कि आप उस समय संक्रमित नहीं थे जब जांच की गई थी। फिर भी, परीक्षण का नेगेटिव परिणाम इस बात कि गारंटी नहीं है कि आपको COVID-19 नहीं है।

यदि आपकी जांच नेगेटिव पाई जाती है, तो आपको राष्ट्रीय एवं स्थानीय नियमों तथा मार्गदर्शनों का पालन करना जारी रखना चाहिए, जिसमें यथा अपेक्षित नियमित रूप से हाथ धोना, सामाजिक दूरी बनाए रखना तथा चेहरे को ढंकना शामिल हैं।

यदि आपमें लक्षण विकसित होते हैं, तो आपको स्वयं को अलग रखना चाहिए तथा वर्तमान में अनुशंसित जांच यहां से प्राप्त करनी चाहिए: gov.uk/get-coronavirus-test अथवा **119** पर उपभोक्ता संपर्क केंद्र पर कॉल करके। लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं। आपको और आपके परिवार को राष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।



### शून्य परिणाम

यदि आपको एक शून्य परिणाम मिलता है, तो इसका मतलब है कि यह कहना संभव नहीं है कि जांच के समय आपमें वायरस था या नहीं। यह जांचने के लिए कि क्या आपको कोरोनावायरस है, जल्द से जल्द एक और जांच करें। पहली जांच की किसी भी सामग्री का प्रयोग न करें, तथा जांच प्रक्रिया चरण 1 से आरंभ करें।

### यदि समस्या बनी रहती है

यदि समस्या बनी रहती है, तो तुरंत इन जांच किट का प्रयोग बंद कर दें। यदि आपके पास कोई दूसरी जांच उपलब्ध नहीं है, तो आप NHS COVID-19 ऐप के माध्यम से अथवा निम्नलिखित साइट पर जाकर कोई अलग प्रकार की जांच कर सकते हैं: gov.uk/get-coronavirus-test अथवा **119** पर उपभोक्ता संपर्क केंद्र पर कॉल करके। लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।

## 8 जांच निष्पादन

यदि किसी व्यक्ति में उच्च स्तरीय कोरोनावायरस (COVID-19) है, तो जांच में पॉज़िटिव परिणाम आने की संभावना अधिक होती है।
इसका अर्थ यह है कि इससे उन लोगों का पता लगने की सबसे अधिक संभावना है जो वर्तमान में संक्रामक हैं तथा जिन्हें तुरंत स्वयं को अलग रखने की आवश्यकता है।

## 9 अपनी जांच किट को सुरक्षित ढंग से निपटाएं

आपकी जांच पूरी हो जाने के बाद, प्रयोग की गई सभी जांच किट सामग्री को उपलब्ध कराए गए कचरा बैग में डालें, प्लास्टिक ट्यूब होल्डर के अलावा, तथा इसे अपने सामान्य घरेलू कचरे में डाल दें।

निपटान के बाद अपने हाथ अच्छी तरह से साफ करें।

**सलाह**

अकेले ज़िप-लॉक बैग का उपयोग कचरा बैग के रूप में किया जा सकता है।

## अपने जांच परिणामों को नोट करें

यह आपके अपने रिकॉर्ड के लिए है। आपको अभी भी अपने परिणाम NHS को सूचित करने हैं (जानकारी के लिए पृष्ठ 15 देखें)।

देखें: **gov.uk/report-covid19-result**

यदि आप स्कॉटलैंड में रहते हैं तो यहां देखें: **covidtest.scot**

| जांच किट का QR कोड / ID नंबर | जांच किसने की | तारीख | समय | जांच का परिणाम |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |



## आपकी किट में निम्नलिखित सामग्री है

| सामग्री | 7-पैक |
|---|---|
| प्रयोग के लिए अनुदेश (यह प्रलेख) | 1 |
| सीलबंद आवरण में जीवाणुरहित स्वैब | 7 |
| सीलबंद पाउच में जांच कैसेट | 7 |
| बफर वाली निष्कर्षण ट्यूब | 7 |
| नोजल कैप | 7 |
| ज़िप-लॉक बैग | 7 |
| निष्कर्षण ट्यूब होल्डर | 1 |
| QC प्रमाणपत्र | 1 |
| | x |

इस उपकरण की आपूर्ति की अनुमति केवल NHS टेस्ट एंड ट्रेस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं सामाजिक देखभाल विभाग (DHSC) परिनियोजन के हिस्से के रूप में है।

Zhejiang Orient Gene Biotech Co.,Ltd
पता: 3787#, East Yangguang Avenue, Dipu Street,
Anji 313300, Huzhou, Zhejiang, China (चीन)
टेलीफोन: +86-572-5226111 फैक्स: +86-572-5226222
वेबसाइट: www.orientgene.com
quality@orientgene.com

CE 0123

UK RP SENSUS GROUP LTD
पता: The Barn, Tednambury Farm, Tednambury, Spellbrook,
Herts, CM23 4BD United Kingdom (यूनाइटेड किंगडम)

EC REP Shanghai International Holding Corp. GmbH (Europe)
पता: Eiestrasse 80, 20537 Hamburg, Germany (जर्मनी)

स्वैब संबंधी सूचनाएं:
Jiangsu ChangFeng Medical Industry Co., LTD
पता: Touqiao Town, Guangling DISTRICT,
Yangzhou, Jiangsu 225109 China (चीन)

CE 0197

EC REP Llins Service & Consulting GmbH
Obere Seegasse 34/2, 69124 Heidelberg, Germany (जर्मनी)
ईमेल-info@llins-service.com

**प्रयुक्त चिन्ह**

- 2°C–30°C: 2 – 30°C पर भंडारण करें
- STERILE EO: एथिलीन ऑक्साइड के प्रयोग से जीवाणुरहित किया गया
- निर्माता
- जब पैकेज क्षतिग्रस्त हो तो उत्पाद का प्रयोग न करें
- LOT: लॉट संख्या
- समापन तिथि
- IVD: इनविट्रो डायग्नोस्टिक मेडिकल डिवाइस
- सूरज की रोशनी से दूर रखें
- निर्माण की तिथि
- पुनः प्रयोग न करें
- चेतावनी, कृपया अनुदेशों को पढ़ें
- सूखा रखें
- प्रयोग के लिए अनुदेशों को पढ़ें
- Σ 7: पैक में इकाइयों की संख्या (7)
- UK RP: UK का जिम्मेदार व्यक्ति
- LATEX: लेटेक्स मुक्त
- REF: कैटलॉग संख्या
- STERILIZE: पुनः जीवाणुरहित न करें
- EC REP: यूरोप का प्राधिकृत प्रतिनिधि

संस्करण B22088-03 प्रभाव की तिथि 2021/10/04

REF GCCOV-502a-H7OGE

यह पुस्तिका केवल Orient Gene रैपिड Covid-19 (एंटीजन) खुद-जांच को संदर्भित करती है: GCCOV-502a-H7OGE

**अपने सभी जांच परिणामों के बारे में NHS को सूचित करें**